आईआईएम रायपुर करेगा लीडरशिप समिट 2024 की मेजबानी

समिट की थीम 'व्यवसाय स्वामी बनाना' रखा गया है, विभिन्न उद्योगों के प्रमुख कॉर्पोरेट नेता और विशेषज्ञ भाग लेंगे, 32 प्रतिष्ठित वक्ताओं में से कुछ पैनलिस्ट विभिन्न उद्योगों से भी

नवभारत रिपोर्टर। रायपुर। भारतीय प्रबंध संस्थान रायपुर (आईआईएम) 8वीं लीडरशिप समिट की मेजबानी करने जा रहा है। यह एक प्रतिष्ठित दो दिवसीय आयोजन है, जिसमें विभिन्न उद्योगों के प्रमुख कॉर्पोरेट

नेता और विशेषज्ञ भाग लेंगे। यह समिट 24 और 25 अगस्त को रायपुर में आयोजित की जाएगी। इसमें प्रतिष्ठित हस्तियां शिरकत करेंगी। मुख्य अतिथि होंगे एगोर्डे के संस्थापक व सीईओ रूपेश संघवी। अतिथि के रूप में सर्विसनाउ की पूर्व समूह उपाध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्रीमती कमोलिका गुप्ता पेरेस शामिल होंगी। इस वर्ष के समिट की थीम 'व्यवसाय स्वामी बनाना' रहेगी। इसका उद्देश्य उभरते हुए बिजनेस लीडर्स को आज के गतिशील व्यावसायिक वातावरण में सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक उपकरणों और रणनीतियों से लैस करना है। इस थीम के माध्यम से समिट रणनीतिक सोच, भावनात्मक बुद्धिमत्ता और नैतिक निर्णय लेने पर जोर देते हुए ऐसे लीडर्स को विकसित करना चाहता है, जो नवाचार को बढ़ावा दें और स्थायी, समावेशी प्रथाओं को आगे बढ़ाएं। 32 प्रतिष्ठित वक्ताओं में से कुछ पैनलिस्ट विभिन्न उद्योगों से भी शामिल होंगे।

Navbharat (My City), 23 August, 2024, P.03.